# कार्यवाही विवरण

मेसर्स होराइजन कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भनेसर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के Wet Type Coal Washery Project Based on Heavy Media Cyclone with a capacity of 2.5 MTPA in an area of 3.598 ha. के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 28/09/2022 को दोपहर 12.00 बजे, जयरामनगर स्टेडियम, जयरामनगर तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स होराइजन कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भनेसर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के Wet Type Coal Washery Project Based on Heavy Media Cyclone with a capacity of 2.5 MTPA in an area of 3.598 ha. के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिपेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 20/08/2022 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाईम्स, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 20/08/2022 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 28/09/2022 को दोपहर 12.00 बजे, जयरामनगर स्टेडियम, जयरामनगर तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी, जिला–बिलासपुर, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत, भनेसर, पाराघाट, जयरामनगर, खैरा, खुडूभाटा, मोहतरा, भदौरा, परसदा, लिमतरा, कोतमीसुनार, अमेरी, कसोंदी, भेलाई, कोसमडीह, कुरूमहू, रसेदा, कल्याणपुर, पीपरसत्ती, बेलटुकरी, अरामसाही, रलिया, गतौरा, कर्रा, निमतरा, ढेका, मस्तूरी एवं किरारी, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में

सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को 08 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित दिनांक 28/09/2022 को दोपहर 12.00 बजे, जयरामनगर स्टेडियम, जयरामनगर तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री आर. एस. कुरवंशी, अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से डॉ0 सैकत दत्ता, जी. आर. सी. इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा के द्वारा मेसर्स होराइजन कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भनेसर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री अर्जुन कुमार रात्रे, ग्राम–भनेसर, जयरामनगर** :– कोल वॉशरी हमारी यहां पहली बार 2015 मे आई थी। पिछे कोल वॉशरी का खदान बना हुआ था। कोयले के प्लांट आने से यहां एक्सीडेंट की घटना हो रही है। 2 लोग की मृत्यु हो गई। कोयल के डस्ट के निकलने से भनेसर व आसपास गांव पूरी तरह से प्रभावित है। कोयले के डस्ट के कारण महिला गैस से अपना खाना बनाती है। कोयले से राजस्व प्राप्त होता है। आसपास के पंचो को गांव में विकास नहीं किया जाता है। कोल प्लांट के मालिक वाशरी चलाते है, वो दबदबा रखते है। गांव में नीचे तपके के लोग है। प्रॉबलम नहीं बता सकते। आम रूप से प्रॉबलम है, जो मजदूर रोटी कमाने गया है। तो वो कैसे बता सकता है। उनको भी खास महत्व नहीं है। डस्ट की समस्या है। रोजगार की समस्या है। गांव के 60 से 70 प्रतिशत युवा है। अर्ध

कुशल 70 प्रतिशत, कुशल को 40 प्रतिशत रोजगार दिया जाना है। बाहरी मजदूर ज्यादा देखते है। प्लांट कई बातों पर ध्यान देना चाहिए। कोयले से होने वाले बहुत नुकसान है इससे चर्चरोग आदि रोग उत्पन्न हो रहे है।

2. **श्री राजेश यादव, ग्राम–खुड़ूभाठा** :– कोल वॉशरी खुलने से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। डस्ट उड रहा है पानी छिडकाव किया जाता है। रोजगार मिलना चाहिए। मेरे को कोई आपत्ति नहीं है।

3. **श्री रामेश्वर साहू, ग्राम पंचायत बेलटुकरी** :– जन सुनवाई कोल वॉशरी के लिए बुलाया या हैं मैं जयरामनगर के आसपास का क्षेत्रवासी हूॅ। कोई भी जैसे कारखाना आने से विकास रोजगार आसपास के आय के साधन मे बढोतरी होता है। गांव के बेरोजगार लोग डिपलोमा किये है, गांव के लोगों को रोजगार मिलता है। स्थानीय काम करने वाले है। उनको महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। वहां की डस्ट प्रदूषण की हानि है। ऐसे प्रभावित लोगों को पहले प्राथमिकता होना चाहिए। आसपास फैक्ट्री खुलेगा, हमारे रोड की सुविधा है, मूल–भूत रोजगार मिलेगा। छोटे–छोटे रोजगार मिलेगा। रोजगार के साथ अनेक रोजगार दिखाई नहीं देता है। अंदर से बहुत से लोगों को रोजगार मिलता है। अपने बच्चों को व्यवस्था नहीं करा पाते है। अपने बच्चो को अच्छे से पढायेंगे–लिखायेंगे। उनको रोजगार मिल जाता है। हर के मन में एक सपना होता है, सपना रखे रहते है। इस प्रकार रोजगार शासन के द्वारा मिलता है। उससे स्पष्ट रूप से बेरोजगार साथी को रोजगार मिलता है। इस प्रकार मैं सहमत हूॅ।

4. **श्री संतोष मरकाम, ग्राम–जयरामनगर** :– युवा बेरोजगारो को काम मिलेंगा। इसलिए मेरा प्लांट को मेरा समर्थन है।

5. **श्री ओमप्रकाश गौराहा, ग्राम–जयरामनगर** :– कोल डिपो को खुलने से हमारे को कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि पहले से वहां कोल डिपो खुला है। बस उसका विस्तार है। इसलिए हमको कोई दिक्कत नही है।

6. **श्रीमती सावित्री साहू, सरपंच** :– ग्राम पंचायत को कोई दिक्कत नहीं है। कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

7. **श्री उदय भार्गव, ग्राम–मस्तूरी** :– कोल वॉशरी जो खुल है 100 प्रतिशत समर्थन है। आसपास के क्षेत्र में पानी, बिजली मूल–भूत सुविधा, बेरोजगारी भी मुख्य मुददा हो गये है। हमर यहां के यहां 50 प्रतिशत युवा बेरोजगार घूमत हे ओला रोजगार मिलही। लाभ मिलही, स्कूल के उन्यन होना है। ओला उन्नती के मौका मिलही। मैं 100 प्रतिशत कोल वॉशरी के सहमत करथव।

8. **श्री रामेश्वर दास मानिकपुरी, ग्राम–जयरामनगर** :– मैं कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। कोल वॉशरी के आने से मैं इसका पूर्ण से स्वागत करता हूॅ।

9. **श्री चंद्र कुमार भार्गव, ग्राम–मोहतरा** :– कोल वॉशरी का हम समर्थन करते है।

10. **श्री भैयालाल साहू,** :– कोल वॉशरी की जनसुनवाई हैं उनकी व्यवस्था धूल प्रदूषण की पूरा व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसे में युवा मन को रोजगार, नौकरी मिलना चाहिए।

11. **श्री राजेश खांडेकर,** :– रोजगार के माध्यम से, कोल वॉशरी लगना चाहिए। किसानों को मजदूरो को अग्रवाल जी से निवेदन है।

12. **श्री अभिषेक कुमार, ग्राम–मस्तूरी** :– हम लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। रोजगार मिले अच्छे से। समर्थन करता हूँ।

13. **श्री परदेशी जगत, अ.ज.जा.** :– मेरे को कोल वॉशरी से कोई आपत्ति नहीं हैं बस यही निवेदन है कि युवा साथियों को रोजगार मिलना चाहिए। मैं इसका समर्थन कर रहा हूँ।

14. **श्री वैभव सोनी, ग्राम–भनेसर** :– हमको बस रोजगार मिलना चाहिए। बाकी कोल वॉशरी से दिक्कत नही है।

15. **श्री रवि कुर्रे, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल डिपो का समर्थन कर रहा हूँ।

16. **श्री विकास कुमार बंजारे, ग्राम–भनेसर** :– कोल डिपो से प्रभावित है। आसपास के रहने वालो को रोजगार चाहिए। पर्यावरण भी चाहिए। मानव जीवन के अधिकार को छिना न जाये। हमको आपत्ति नहीं है, जिस प्रकार हनन हो रहा है। 5 कि.मी. कोक्रोडील पार्क आसपास है। रोजी–रोटी के लिए ग्रसित है आसपास वाले लोग, हम भनेसर वाले को परेशानी हो रहा है न किसी प्रकार का चेकअप होता है। जो ग्रसित है उनसे जाकर पूछो। आसपास बस्ती वाले प्रभावित है।

17. **श्री कृष्ण कुमार राय, ग्राम–टिकारी** :– कोल वॉशरी खुलने में समर्थन है।

18. **श्री भुवनलाल खण्डेकार, ग्राम–देवगांव** :–गरीब आदमी है वो कैसे बाल बच्चा पाल रहा है। सिर्फ बडे आदमी का खुल रहा है। मोदी राज करा रहा है। बस पचार कर रहा है। चांवल दे रहा है। ज्यादा नहीं बोल रहा हूँ।

19. **श्री साजन चतुवेर्दी, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल डिपो खुल रहा है मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

20. **श्री मुकेश सोनकर, ग्राम–मोहतरा** :– कोल डिपो खुल रहा है मुझे कोई आपत्ति नहीं है। उसमें गांव का विकास होगा।

21. **श्री रितु बंजारे, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी से कितना विनाश होगा। गांव छोड़ सकती हूँ। कोल वासरी से, मैं खाना छोड के खेती किसानी कैसे करूं। मेरे को जवाब देंगे। मेरे घर में विकास है या सर्वनाश। आप रह के देखिये 2 दिन। मेरे

गांव मा आकर रहिये। 5 कि.मी. में स्कूल के बच्चे पढने जायेंगे। कोयला के डस्ट के धूल से मैं गांव छोड़ के चली जाउंगी। मैं पूरी तरह से असहमत हूँ। मेरे गांव में कोल वॉशरी नहीं चाहिए। गांव में कोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिए।

22. **श्री विक्रांत कुमार बंजारे, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलने वाला है। मेरे घर के सामने 2–2 कोल वॉशरी है। राशि प्लांट से प्रभावित नहीं होता है। घर से निकलते है। तो हाईवा से कोयले का डस्ट हमारे शरीर के ऊपर आ जाता है। भविष्य में बीमारी उत्पन्न होगा। आज तक भनेसर में विकेंसी निकाला है। कितने लोगों को रोजगार दिया है। कंपनी चेकअप किया है। हम चाहते है कि प्रभावित लोगों को हेड चेकअप करें। मैं विरोध नहीं कर रहा हूँ। हेल्थ सुविधा मुप्त इलाज करें। विकेंसी में रोजगार दे। ये कोल वॉशरी 10 गुना प्रभावित करेगा। बड़ी–बड़ी गाडियां चलती है। कीचड में कैसा दौडेगा। आसपास कोल वॉशरी नया सडक बनाये।

23. **श्री मनहरण, ग्राम–सरगवा** :– मेरे ग्राम पंचायत सरगवा में पानी का बहुत परेशानी है। पानी किसी जगह नहीं है। पानी का सुविधा प्रदान करें।

24. **श्री संतोष मधुकर, ग्राम–सरगवा** :– गरीब को कोई आवास नहीं मिला है।

25. **श्री राम खांडेकर, ग्राम–देवगंवा** :– गांव की समस्या है पशु का, गांव के खेत में 200 से 250 गाय चर रही है। गांव में गोठान भी नहीं है। बाहर से हमारे गांव में खेदा जा रहा है। गाय की समस्या है फसल नुकसान हो रहा है।

26. **श्री राधेश्याम शर्मा, खरसिया रायगढ** :– आज ये जो जनसुनवाई है होराईजन के। मैं छत्तीसगढ के हव। उद्योग से मोर दुश्मनी नहीं है। विधि कानून बने हे। कई ठोक संशोधन होईस हे। कानून के पालन करें। ये जन सुनवाई हे अवैधानिक हे। कोन कोन यहां पालन होवई हे। ये जन सुनवाई गांव मा होना चाहिए। भनेसर ग्राम पंचायत में होना चाहिए। 2 कि.मी., 4 कि.मी. के होवत हे। ग्राम पंचायत के अनुमोदन दिखा सकही। वैधानिक ग्राम सभा के सर्वसम्मति पंच, सरपंच उपस्थित होते। दोनो ग्रामसभा के अनुमोदन नहीं हें ये गैर कानूनी है। पुलिस बल के द्वारा करवाथे। सब छत्तीसगढ के आदमी हन। यहां वॉशरी या उद्योग डलिस हे। होने वाले जन सुनवाई ला निरस्त कर दो। ये परियोजना में 10 किमी. का क्षेत्र है। मगरमच्छ ला कोशिश किये हे। रिर्जव फॉरेस्ट से एनओसी लिये हे। मैं चल देहूँ। यहां स्कूल हे, परियोजना के निकट दो–दो, तीन–तीन हाई स्कूल है। यहां एक फसल दो फसल ई.आई.ए रिपोर्ट में दर्शाना चाहिए। झूठा दस्तावेज तैयार करीस आज जनसुनवाई हो थे, इमन ला गिरफ्तार करें। जे मन प्रशानिक पद मा हे। ये उद्योग कितने झन ला नौकरी देही। जो कानून कौन–कौन जगह मा लगना चाहिए। विधि सम्मत से करवाना चाहिए। जनता के पैसा के दुरूउपयोग क्यो होवत हे। मैं संविधान के परिपालन करवाहा। आप मन के क्षेत्र के जनता ला बताना

चाहत हव ये जन सुनवाई अवैधानिक हे। जयरामनगर के ग्राम पंचायत के भी ग्राम सभा लाये। उद्योग ला कितना पानी चाहिए। पर्यावरण के मूल्यांकन हो। जनता के बीच मा हो। पानी के, हवा के, मिट्टी के नमूना लिये है अंतिम मा जवाब देही। माता बहनी मन ला जागना चाहिए। ऐसा पंडाल नहीं लगना चाहिए। जनता के सरकार है। जिला पंचायत के सरकार हे। 10 कि.मी. के अध्यन क्षेत्र है बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र है। यहां जनसुनवाई कराओ। कानून के उल्लंघन कर सके। ये उद्योग जतकी चलत हे, उद्योग बंद हो जाना चाहिए। ये ईआईए में इस क्षेत्र में कितना दुर्घटना होवत हे। क्या के विकास करबे। विकास के मतलब संपूर्ण विकास। ये उद्योग प्रदूषण कम फैलाये। सड़क मा दुर्घटना होवत हे, सब के स्वास्थ खराब होवत हे, हार्ट अटैक हो गईस। मात्र 9 पंचायत को दिया गया है। ग्राम पंचायत में 2 दर्जन में नहीं गईस हे। विडियोग्राफी नहीं कराईस हे। ये जो अवैधानिक जन सुनवाई को निरस्त करें। छ.ग. जनता के कानून के अधिकार हनन हे। छत्तीसगढ ला प्रदूषण ला पाट दिस हे। मैं इस जन सुनवाई का विरोध करथव। मैं व्यक्तिगत किसी के आलोचना नहीं करथव।

27. **श्री अश्वनी कुमार टोन्डे, ग्राम–खुडूभाटा** :– आसपास के लोगों कोल डिपो जो पलायन जाना बंद हो गया। रोजगार का साधन हो गया है। 500–600 लोगों का। पर्यावरण का ध्यान रखा जायेगा। हम क्षेत्रीय वासी को बोलने दे। किसी प्रकार का कोई आपत्ति नहीं है।

28. **श्री सुरेश कुमार राठौर सरपंच, ग्राम–गतौरा** :– 10 कि.मी. में जितना भी ग्राम पंचायत आता है सबसे एनओसी लेना चाहिए। कोल वॉशरी बंद किया जाये, ये अवैधानिक है। बंद किया जाये।

29. **श्री विकास, ग्राम–भनेसर** :– हमारे कोल वॉशरी भनेसर वाले तहे दिल से स्वागत करते है। हमारे गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा। आसपास के कई लोगों को रोजगार मिलेगा। बाकी सीजन में ईट भट्ठा जाते थे। आज ये कोल डिपो आने से हमारे जीवन में सुधार आया है। हम कोल वॉशरी का समर्थन देंगे।

30. **श्री श्याम वर्मा, जोगी युवा कांग्रेस, ग्राम पंचायत हरदीकला** :– मैं इस कोल वॉशरी का विरोध करता हूँ। जिसमें मै। आवेदन लगाया था। आज तक जवाब नहीं मिला। रोजी रोटी जरूरी नहीं है। आसपास से कितना धूल धक्कड उडता है। इसको वैधानिक रूप से खोल रहे है। क्यो ये स्वास्थ की जिम्मेंदारी आप लेंगे क्या। भनेसर से इसका खुलकर विरोध करीये।

31. **श्री अनिल अग्रवाल,** :– हमारी जमीन को 50 लाख या 60 लाख में लेंगे क्या। बाहर से नेता लोग आये। हम लोगों को 200 लोगों को रोजगार मिल रहा है। मैं इस प्लांट का समर्थन करता हूँ।

32. **श्री राहुल सोनवानी** :– मेरे क्षेत्र से बहुत से गांव वाले विरोध करते है। मैं इस कोल वॉशरी का विरोध करता हॅू। इससे बडा भयंकर दुर्घटना हो रहा है। इसका पूर्ण रूप से विरोध करता हॅू। गतौरा में जब कोल वॉशरी जनसुनवाई हुआ, कोल वॉशरी में उनको रोजगार नहीं दिया जा रहा है। कोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिए। मैं इसका पूर्ण रूप से विरोध करता हॅू। यहां पर पास में स्कूल है। बच्चो लोग इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त करते है।

33. **श्री देवी प्रसाद, ग्राम–गतौरा** :– भनेसर में कोल वॉशरी का निर्माण होना वाला है। मैं इस कोल वॉशरी का पूर्ण रूप से विरोध करता हॅू। आने जाने वाले गाड़ी स्पीट से चलाते है धूल से दिक्कत हो रहा है। गतौरा में कॉलेज खुला है। समस्या है। गाड़ी में एक्सीडेंट हो रहा है। बच्चे स्कूल में पढते है। आने वाले समय में समस्या होगा। उस एरिया में दिक्कत हो रहा है। इस एरिया में दिक्कत न हों मैं पूर्ण रूप से विरोध करता हॅू। जानवर आकर दंब रहे है। इस क्षेत्र मे ंकोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिए।

34. **श्री रवि कुर्रे, ग्राम–पेण्ड्री** :– इस कोल वॉशरी का पूर्ण रूप से विरोध करता हॅू।

35. **श्री मोतीलाल, ग्राम–पेण्ड्री** :– मैं इसका समर्थन करता हॅू। हमें नौकरी की सख्त जरूवत है।

36. **श्री देवेन्द्र कुमार, यूथ कांग्रेस छत्तीसगढ़** :– ये कोल वॉशरी का हमारे शर्ते मानेंगे शिक्षा, युवा भाई को नौकरी देंगे तो समर्थन है नही ंतो विरोध है। सीएसआर. फंड को पूरा देंगे तो पूरा समर्थन है। कोल वॉशरी काला काला धुआं उडता है। स्कूल के आसपास को प्रभावित करेगा। बस यही मांग है। हमारी क्षेत्र के लोगों को नौकरी देंगे।

37. **श्री आशीष अवस्थी, यूथ कांग्रेस छत्तीसगढ़** :– मस्तूरी बिलासपुर जिले मा आता है। युवाओं को छलने का, ठगने का काम चल रहा है। यहां पर युवा श्रमिक इस प्रदेश के लोग काम करने जाते है। बिना रोजगार की बात होनी चाहिए। यहां का मापदण्ड बढ गया है। ये इनकी भविष्य का सवाल हैं। लोगों को रोजगार नहीं मिला। मस्तूरी के लोग समर्थन विरोध में आये हैं यहां के लोग पलायन के लोग बाहर काम करने नहीं जाते है। यहां पर किसी पर्सनल बात नहीं होनी चाहिए। यहां के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। आज पूरा लोग इकट्ठा हैं। कल आपके बच्चे आपसे पूछेंगे। तब क्या जवाब देंगे। हर चीजा को निर्णय होना चाहिए। यहां के क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। यहां पर उद्योग लगता है। यहां की बहन बेटिया बंधक बनकर मजदूरी जाये।

38. **श्री सुधीर खांडेकर, ग्राम–पाराघाट** :– पाराघाट में राशि प्लांट खुला है बाहर नहीं जा रहे है। ये भी खुलेगा तो यहां पर रोजगार मिलेगा। मै इस कोल डिपो को समर्थन कर रहा हूॅं।

39. **श्री श्याम लाल पटेल, ग्राम–भिलाई** :– अभी जो बोले है सही शब्द में बोले है। आसपास के लोगों को रोजगार दिया जायेगा। ऐसा नहीं होना चाहिए। भनेसर से लगा उद्योग है। पर्यावरण का ध्यान देना चाहिए। सीएसआर की तरक्की दिया जाता है। विशेष ध्यान दिया जाना होगा। नौकरी भी चाहिए काम भी चाहिए। मेरे कहने का उदेश्य प्लांट खुलना चाहिए। बेरोजगार के आसपास के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। मैं विरोध नहीं कर रहा हूॅं आसपास के एरिया के जनता को काम में रखना चाहिए। आसपास के पंचायतो को दिया जाना चाहिए। प्लांट खुलने में मेरा कोई विरोध नहीं है।

40. **श्री विजय कुमार बंदे, ग्राम–भिलाई** :– प्लांट खुलना चाहिए। जो हो रहा है वो हो के रहेगा।

41. **श्री मुकेश सोनकर, ग्राम–मोहतरा** :– हम गरीब है हमको कौन नौकरी देगा, कोल डिपो खुलना चाहिए।

42. **श्री गौकरण कुर्रे, ग्राम–जयरामनगर** :– हमर भनेसर मा कोयला प्लांट खुलना चाहिए।

43. **श्री शैलेन्द्र खांडेकर, ग्राम– देवगांव** :–हमारे गांव में 200–250 जानवर घूम रहे है। जानवर जितना खुले आम घूम रहे है। मेरा आग्रह है कि जल्द से जल्द से जानवर जो घूम रहे है फसलो का नुकसान कर रहे है। उसका उपाय निकाला जाये। प्लांट खुल रहे है उसका विरोध नहीं करना चाहूंगा। अपने क्षेत्र के वासीयों को रोजगार मिल रहा है। रोजगार मिलना भी चाहिए। कोल डिपो को पूर्ण समर्थन देता हूॅं।

44. **श्री अजित पाल, ग्राम–खुड़ूभाठा** :–कोल वॉशरी से मेरा कोई दिक्कत नहीं है। कोल वॉशरी से बाहरी आदमी को नहीं छत्तीसगढ के आदमी को काम दिया जाये।

45. **श्री कलेश्वर, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅं। पानी का वाहन करें।

46. **श्री रामकुमार राठौर, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅं। पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी है। रोड का यथा स्थिति मरम्मत होना चाहिए। आसपास के गांव का अनुदान देना चाहिए। रोजगार आसपास के लोगों को मिले।

47. **श्री अनुराग ओगरे, ग्राम–डोमगांव** :– कोयला फैक्ट्री खुलना चाहिए। हमु मन ला रोजगार मिलना चाहिए।

48. **श्री पुरूषोत्तम खांडेकर, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलने का सहमत देता हूॅ। हमारे गांव का विकास होगा।

49. **श्री भुनेश्वर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

50. **श्री निलेश कुमार, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। जिस गांव में खुल रहा है। उस गांव के युवक को नौकरी मिलना चाहिए।

51. **श्री राजेन्द्र राठौर, उपसरपंच ग्राम–भदौरा** :– इस कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। किसाना भाईयो की उन्नति होगी। पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ।

52. **श्री राहुल बंदे, ग्राम–भिलाई** :– सब को रोजगार मिलना चाहिए। क्या खायेंगे। राशि प्लांट खुलना चाहिए। कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

53. **श्रीमती वंदना सुमन, ग्राम–भनेसर** :– यहां कोल वॉशरी खुलने से कोई आपत्ति नहीं है। मैं गरीब हूॅ, काम चाहिए।

54. **श्रीमती दुर्गा, ग्राम–भनेसर** :– मैं मजदूर हूॅ नौकरी चाहिए।

55. **श्री शिव कुमार, ग्राम–भदौरा** :– प्लांट नहीं खुलना चाहिए। हमारे बच्चे स्कूल में पढ रहे है।

56. **श्री दिलीप सोनी, ग्राम–भदौरा** :– मेरा समर्थन है।

57. **श्री बिसवाशु खांडेकर, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। मोबाईल से प्रदूषण, गाडी से प्रदूषण से हो रहा है। कोल वॉशरी का मेरा पूर्ण समर्थन है।

58. **श्री राहुल बंजारे** :– हमारे ग्राम पंचायत भनेसर में खुलना चाहिए। इसका मैं समर्थन देता हूॅ।

59. **श्री बसंत देवगाव** :– ह इसका मैं समर्थन देता हूॅ।

60. **श्री अर्पित खांडेकर** :– मैं समर्थन करता हूॅ।

61. **श्री मसतान, ग्राम–सरगवा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

62. **श्री देवराम पाल** :– कोल वॉशरी खुलना जरूरी है। गरीब आदमी काम करते है। खुलना चाहिए।

63. **श्री प्रमोद राठौर, ग्राम–जयरामनगर** :– आगे भी पहले से कोल वॉशरी खुला है। अभी बेराजगारी की संख्या ज्यादा है। कोल वॉशरी से आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा। मैं इसका समर्थन करता हूॅ।

64. **श्रीमती पूनम खांडे, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। रोजगार मिलना चाहिए।

65. **श्री नकल प्रसाद यादव, ग्राम–भनेसर** :– 80 एकड जमीन बेकार हो गया है। पहले खेती होता था। आते जाते लोग प्रदूषित नहीं होता है। कोई दिक्कत नहीं है। अच्छा पढाई करे लोग। कुछ ऐसा करो प्लांट भी खुले।

66. **श्री प्रीत कुमार चंद्राकर, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

67. **श्री निर्मल मधुर,** :– गरीब मन ला काम मिलना चाहिए।

68. **श्री राजेश कुमार कुर्रे, ग्राम–देवगांव** :– पानी की बहुत दिक्कत है। दूर–दूर से पानी लेने जाते है। कोल वॉशरी खुलना चाहिए। बाहर देश मा नौकरी देना चाहिए।

69. **श्री साजन चतुवेर्दी, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल डिपो को खुलने से रोजगार मिलेगा। कोल डिपो खुलेगा।

70. **श्री आर्यन, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल डिपो खुलना चाहिए। सहमत हूॅ।

71. **श्री भूपेश ठाकुर, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

72. **श्री छोटेलाल** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

73. **श्री अजय** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

74. **श्री भारद्वाज, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

75. **श्री शशि कुमार** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

76. **श्री मुकेश कुमार, ग्राम–भनेसर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

77. **श्री गजेन्द्र, ग्राम–पेण्ड्री** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। इसका सपोट है।

78. **श्रीमती शांति, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

79. **श्रीमती सुनीता जगत, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

80. **श्रीमती शांति यादव, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

81. **श्रीमती करूणा, ग्राम–भनेसर** :– टेलर हाईवा प्रदूषित होगा। साईड में वो वॉशरी है। अपना समस्या भी बोले वहां पर स्प्रींकिलर्स लगा है। महिला प्रोजेक्ट है। स्थापित होता है, गाडीयों को अवागमन भी होगा। रेलवे लाईन के तीनों ओर तालाब है। क्या व्यवस्था है। पानी का कमी होगा। इसके लिए क्या व्यवस्था बनाया

गया है, बोर सुखता है। हमारे गांव का बोरवेल सरकारी पंप इसके लिए कुछ व्यवस्था है। हम लोग को मालूम नहीं है। ये हम लोग जानना चाहते है। गांव वाले के द्वारा पेड लगवायेंगे। इस सब के लिए क्या व्यवस्था है। क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। गांव वालों को योग्यता के अनुसार रोजगार देना चाहिए। गांव को गोद में लेना चाहिए। ऐसा होने से हम लोगों को कोई आपत्ति नहीं है। रोजगार मिलना चाहिए। हम लोगों को कोई आपत्ति नहीं है।

82. **श्रीमती शकुन अंचल, ग्राम–पाराघाट** :–मैं इस बात से सहमत हू। सभी लोगों को योग्यता के अनुसार काम मिलना चाहिए। बच्चे पढने आते जाते है। कोयला डिपो से परिवहन खुलेगा। इसमें एक्सीडेंट अधिकतर होते है। गाडी चलाने वाले को शराब पीकर गाडी नहीं चलाने देना चाहिए। अधिकतर रोड धूल उडते है। पानी का छिड़काव कराना चाहिए। अधिक से अधिक पेड पौधा लगाने चाहिए।

83. **कु. शानू साहू, ग्राम–जयरामनगर** :–कंपनी खुलना चाहिए।

84. **श्री धर्मेन्द यादव, ग्राम–जयरामनगर** :– मेरा निवेदन है कि अग्रवाल जी से पानी की व्यवस्था लगेगी। कोयला खाली होता है। पानी का छिडकाव किया जाना चाहिए। कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाना चाहिए।

85. **श्री धीरेन्द्र दुबे, ग्राम–पाराघाट** :–खुलना चाहिए तो खुलेगा ही। अभी परिस्थिति देख रहा हूॅ। अपना व्क्तव्य है। जिस तरीके से सुनवाई हो रही है। यह प्लांट खुलन की स्थिति नहीं है। न बच्चो के भविष्य को ध्यान में रखा गया है। निश्चित तौर पर उद्योग डले। बच्चो का भविष्य 500 मीटर की दूरी है इतना बडा स्कूल है। आने वाले पीढी हैं उनके स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पडेगा। यहां से 5 कि.मी. की दूरी है कोतमीसुनार, यह क्रोक्रोडील पार्क है। उद्योग लगने से जमीन की कीमत बढती है। किसी प्रकार से गाईड लाईन तैयार कि गई है। हमारा क्षेत्र है लीलागर नदी है। 20–25 कि.मी. के जल से अपना जीवकोपार्जन करते है। इस सब चीजों को ध्यान में रखा गया है। किसी भी प्रकार से आपका गांव प्रदूषित नहीं होगा। लाल प्रकार का डस्ट अंदर घुस जाता है। क्या इसका दुषप्रभाव नहीं पडेगा। मेरा विरोध दर्ज माना जाये।

86. **श्री तुलाराम, ग्राम–जयरामनगर** :–कोल वॉशरी खुलना चाहिए। पानी वाली डलवाये।

87. **श्री दिलेन्द्र कौशिक, ग्राम–सीपत** :–कोयले का परिवहन किया जायेगा। इसका आंकलन होना चाहिए। पास में सेंट जोसफ स्कूल है। पास में घनी आबादी वाले गांव है। हमारे क्षेत्र हिण्डाडीह में कोल वॉशरी है। हमको रोजगार मिलेगा। इस प्रश्न का जवाब मिलना चाहिए। कितने लोगों को रोजगार दे सकता है। हिण्डाडीह में 50 लोग काम करते है। हमारे बच्चे झाडू, नाली के लिए कोल वॉशरी लगाना

चाहते है। यहां पर से 3 से 4 कि.मी. पर क्रोक्रोडील पार्क है। यह संरक्षित क्षेत्र है। 10 कि.मी. में आप उद्योग नहीं खोल सकते है। कितने लोग के लोगों को रोजगार दे सकते है। इन चीजों को समझते हुये। बडी–बडी गाडियां चलेगी। मेरा इस वॉशरी को खोलने में पूरा विरोध है।

88. **श्री वैभव, ग्राम–मस्तूरी** :– 5 कि.मी. में स्कूल है। मस्तूरी का महाविद्यालय है। कोल वॉशरी का फैक्ट्री से इतना डस्ट निकलेगा कि वायु प्रदूषण हो जायेगा। कोल डस्ट ज्यादा निकलेगा। मैं इस कोल वॉशरी का पूरा विरोध करता हूॅ। सड़क भी बर्बाद होयगा। बहुत सारे ट्रक निकलेंगे। स्टूडेंट को रोजगार मिलेगा। महाविद्यालय के लोगों को रोजगार देते है तो मैं इसका समर्थन करूंगा। क्रोक्रोडील पार्क खराब हो जायेगा। हम इसका विरोध करते है। हम आपका फैक्ट्री बनने नहीं देंगे।

89. **श्री अशोक राजपाल, युवक कांग्रेस पदाधिकारी** :– इस क्षेत्र में जो भी होता है तो हमारे मन में आता है। गाडियों को अवागमन बढेगा। एक ऐसा रास्ता बनाये बच्चे प्रभावित न हो। यहां के लोग क्या चाहते है। जनता जो चाहेगी।

90. **श्री तीजराम राठिया,** :– कोई भी इण्डस्ट्रीज खुलता है तो वर्कर का शोषण करते है। मैं फैक्ट्रा का पूरजोर विरोध करता हूॅ।

91. **श्री पुरूषोत्तम राम, ग्राम–लाफार्ज** :–कोल वॉशरी का पूरजोर विरोध कर रहा हूॅ।

92. **श्री मनोहर कुर्रे, ग्राम–** :–हमन हमेशा गांव के जनता प्रतिनिधि से जुडे हन। हमन विकास के विरोध नहीं करत हन, विनाश के विरोध करथन। गांव का विकास कर सकथन, बेराजगार साथी, आपके कंपनी खुले। अग्रवाल जी रोजी रोजगार देहा भाई। अभी कॉलेज खुले है कितना परेशानी है। गाडी घोडा के दबाव पडही।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 2:30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

परियोजना प्रस्तावक की ओर से डॉ0 सैकत दत्ता, जी. आर. सी. इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा मेसर्स होराइजन कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भनेसर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 2:40 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 49 आवेदन पत्र सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 92 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 250–300 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 104 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
क्षेत्रीय कार्यालय,
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अतिरिक्त कलेक्टर,**
कार्यालय कलेक्टर,
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)